Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 15 अगस्त, 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगाठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को उल्लास पूर्वक मनाया गया

आज दिनांक 15 अगस्त, 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगाठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को उल्लास पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के कुलसचिव डॉ0 बी0ड़ी0के0 पात्रों ने झंडा रोहण किया, और अपने उद्बोधन में बताया, कि भारत में, स्वतंत्रता दिवस हर साल 15 अगस्त को मनाया जाता है, जो हमें उस दिन की याद दिलाता है जब भारत ने 1947 में ब्रिटिश शासन से अपनी आजादी हासिल की थी। यह उन स्वतंत्रता सेनानियों और भारत के वीर सपूतो को याद करने और सम्मान करने का दिन है जिन्होंने हमारे अधिकारों के लिए कड़ा संघर्ष किया और अपने प्राणो की आहुति तक दे दी। 15 अगस्त भारत के पुनर्जन्म जैसा है। यह वो दिन है जब अंग्रेजों ने भारत को छोड़ दिया और इसकी बागडोर हिन्दुस्तानी नेताओं के हाथ में आयी। ये भारतियों के लिये बेहद महत्वपूर्ण दिन है और भारत के लोग इसे हर साल पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं और आजादी के इस पर्व की शान में कभी कोई कमी नहीं आने देंगे और समस्त विश्व को यह याद दिलाते रहेंगे कि सादगी भारत की परिभाषा है कमजोरी नहीं। हम सह भी सकते हैं और जरूरत पड़ने पर लड़ भी सकते हैं। भारत में पतंग उड़ाने का खेल भी स्वतंत्रता दिवस का प्रतीक है। छात्र छात्राओं ने ''हर घर तिरंगा एवं काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव'' कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण अध्यायों को समझाया। इस महोत्सव ने काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी के अवसर पर भारतीय तिरंगे के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक बनाया।

आयोजन में संस्थान के सभी प्रोफेसरों, शिक्षण स्थापकों और छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। 13 अगस्त को वृक्षारोपण के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम समर्पित किया गया, 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। 15 अगस्त को ध्वजारोहण के साथ–साथ आस–पास के गांवों में नुक्कड़ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसका मुख्य उद्देश्य था नए पीढ़ी को उनके बलिदानों के बारे में जागरूक करना।

संस्थान के कुलसचिव डा0 बी0 डी0 के पात्रो, डा0 अनुराग शुक्ला, डा0 आकाश अग्रवाल, डा0 छाया सिंह, शशांक यादव, राजीव कुमार, सौरभ चौहान, नवीन कुमार तिवारी, डा शिम्पी सिंह जादौन, अरस्तु गौतम एवं कार्यक्रम समन्वयक शिल्पी यादव एवं मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना समस्त प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, आशिक, अब्दुल कादिर आदि सुरक्षा गार्ड, एवं छात्र–छात्रायें भी उपस्थित रहें।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

OPPO Reno8 T 5G

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज